20/05/2020

Social Psychology

Paper V

B.A. III (Hons.)

Define Group.

समूह की परिभाषा दें।

जब दो या दो से अधिक व्यक्ति एक स्थान पर एकत्रित होते हैं तो उसे समूह कहते हैं। परन्तु सामाजिक समूह के लिए दो आवश्यक शर्तें हैं। दो या दो से अधिक व्यक्तियों का एक स्थान पर एकत्रित होना तथा उनके बीच कार्यात्मक सम्बन्ध का होना। यदि दो व्यक्ति बाजार में साथ-साथ टहल रहे हैं तो उसे समूह नहीं कहा जा सकता है। क्यूंकि दोनों के बीच कार्यात्मक सम्बन्ध नहीं है। परन्तु दोनों के बीच कार्यात्मक संगठन हो जाये तो उसे समूह की संज्ञा देंगे।

- **Lindgren** ने इसी अर्थ में समूह को परिभाषित करते हुए कहा है-

  "दो या दो से अधिक व्यक्तियों के किसी कार्यात्मक सम्बन्ध में व्यस्त होने पर समूह का निर्माण होता है।"

  "Two or more persons engaged in any kind of functional relationship with each other constitute a group."

- **Kimbal Young** के अनुसार-

  "संचालन पद्यति के दृष्टिकोण से समूह एक दूसरे को परिभाषित करने वाले व्यक्ति की सामाजिक इकाई है, जिसकी अपनी विशिष्ट विशेषताएं होती हैं।"

  "Operationally, the group may be viewed as a social unit of interacting person. It may be regarded further a developing or processing distinctive characteristics of its own."

- **Catel** ने कहा है,

  "समूह प्राणियों का एक ऐसा झुण्ड है जिनमें प्रत्येक की कुछ आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सभी सदस्यों के अस्तित्व का उपयोग किया जाता है।"

  "Group is an aggregate of organism in which the existence of all is utilised for the satisfaction of some need of each."

- **Kretch, Crutchfield and Ballachey** के अनुसार,

"दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच अन्योन्याश्रय सम्बन्ध रहता है तथा जो समूह के वैसे आदर्श में हिस्सा लेते हैं जो थोड़ी मात्रा में उनके सदस्यों के लिए अनोखा होता है।"

"Two or more person whose relations are independent and who share an ideology which is, to some degree peculiar to the members of the group."

- **Sherif and Sherif** की परिभाषा से समूह का अर्थ बिलकुल स्पष्ट हो जाता है। उनके अनुसार, "समूह एक सामजिक इकाई है जिसमें कुछ व्यक्ति होते हैं जो एक दूसरे के प्रति अपेक्षाकृत निश्चित पद एवं भूमिका से सम्बन्ध रखते हैं और जिसके अपने प्रतिमान या मूल्य होते हैं जो कम से कम समूह के प्रति परिणाम के मामले में सदस्यों के व्यवहार को नियंत्रित करते हैं।"

  "A group is a social unit consisting of a number of individuals who stand in role and status relationship to one another, stabilized in some degree at the time and who possess a set of values or norms of their own regulating their behaviour, at least in matter of consequence to the group."

उपर्युक्त परिभाषा को एक संतोषजनक परिभाषा माना जा सकता है। इस परिभाषा का विश्लेषण करने पर निम्नलिखित बातें स्पष्ट होती हैं-

१) समूह में कुछ व्यक्तियों का होना अनिवार्य है। इसमें दो या दो से अधिक व्यक्ति होते हैं।

२) समूह एक सामाजिक इकाई है, इसमें सिर्फ व्यक्तियों का संग्रह नहीं होता है।

३) समूह में सदस्यों के बीच कार्यात्मक संगठन होता है।

४) समूह के अंतर्गत होने वाली क्रियाओं, सदस्यों के अनुभव एवं व्यवहारों को नियंत्रित तथा संचालित करने के लिए कुछ निश्चित मूल्य एवं प्रतिमान होते हैं।

(...to be continued)

Dr. Hena Hussain

Asst. Professor

Department of Psychology

Oriental College, Patna City

WhatsApp No. – 9334067986

Email-drhenahussain@gmail.com